C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:21 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:23 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 127 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 7 नवंबर 2026

टीम के हर एक सदस्य को...पेज-3 पर

News कॉर्नर

उत्तराखंड लोअर पीसीएस में भर्ती के आवेदन शुरू

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने प्रदेश में उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल (अवर) अधीनस्थ सेवा परीक्षा (लोअर पीसीएस) 2026 का विज्ञापन जारी कर दिया है। नायब तहसीलदार, आबकारी निरीक्षक, पूर्ति निरीक्षक, विपणन निरीक्षक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, कर अधिकारी, गन्ना विकास निरीक्षक के 54 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। भर्ती के लिए अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी अभ्यर्थियों को 166.36 रुपये, एससी, एसटी व दिव्यांग अभ्यर्थियों को 76.36 रुपये शुल्क देना होगा। लोअर पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा प्रदेश में 19 शहरों अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, चंपावत, हल्द्वानी, पिथौरागढ़, रुद्रपुर, खटीमा, देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, पौड़ी, श्रीनगर, कोटद्वार और रुद्रप्रयाग में होगी।

इंस्टा पर दोस्ती, पिथौरागढ़ से तीन बेटियों को छोड़ हरियाणा पहुंच गई महिला

पिथौरागढ़। प्यार अंधा होता है, यह बात सच साबित हुई है बेड़ीनाग क्षेत्र के एक गांव में। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद प्रेम परवान चढ़ा तो एक महिला अपनी तीन बेटियों को छोड़कर प्रेमी के साथ हरियाणा पहुंच गई। पुलिस ने उसे खोजा है। अब महिला प्रेमी के साथ ही रहेगी या अपने घर लौटेगी इसका फैसला होना बाकी है। जानकारी के मुताबिक, बीते 27 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने पुलिस में अपनी पुत्री की गुमशुदगी की सूचना दी। उसने बताया कि उसकी पुत्री ससुराल से मायके आई थी जो बिना बताए कहीं चली गई। तब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सामने आया कि महिला का लंबे समय से इंस्टाग्राम के जरिये बागेश्वर के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। पुलिस ने इसी दिशा में आगे बढ़कर महिला की तलाश की। यह बात सच साबित हुई और महिला प्रेमी संग नालंदा स्कूल, सेक्टर-8, फरीदाबाद, हरियाणा में मिली।

गेस्ट हाउस बेचने की तैयारी के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

अल्मोड़ा हमारे संवाददाता



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे भूमि बचाओ-धामी हटाओ अभियान के तहत गांधी पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान अल्मोड़ा शहर स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस और ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कटारमल स्थित गेस्ट हाउस को बेचने की कथित तैयारी का विरोध किया गया। धरने का नेतृत्व विधायक मनोज तिवारी और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने किया। विधायक तिवारी ने कहा कि सरकारी संपत्तियां जनता की धरोहर हैं। इनका निर्माण जनसुविधाओं और सार्वजनिक उपयोग के लिए किया गया है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि किन परिस्थितियों में इन परिसंपत्तियों को बेचने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों को बेचने के बजाय उनका बेहतर रखरखाव और जनहित में उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि अल्मोड़ा और कटारमल के गेस्ट हाउसों का ऐतिहासिक, प्रशासनिक और पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व है। सरकार को इनके भविष्य को लेकर जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि दोनों गेस्ट हाउसों को बेचने संबंधी किसी भी प्रस्ताव पर रोक लगाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस दिशा में आगे बढ़ती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने की और संचालन पीसीसी सदस्य पीतांबर पांडे ने किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष ताराचंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीवान राम, सेवादल अध्यक्ष परितोष जोशी, प्रदेश सचिव दीप डांगी, किरन आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, शोभा जोशी, विनोद वैष्णव, एनडी पांडे आदि मौजूद रहे।

अग्निपथ योजना में बदलाव को बताया तोहफा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों संग मनाई दिवाली

नई दिल्ली एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दीपावली की पूर्व संध्या पर पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में सेना के जवानों से मुलाकात के दौरान अग्निवीरों के लिए अतिरिक्त सेवा का अवसर देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को उनकी इच्छा के आधार पर दो साल का एक और कार्यकाल दिया जा सकेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिवाली की पूर्व संध्या पर दार्जिलिंग के बागडोगरा एयरफील्ड में भारतीय सेना के जवानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अग्निवीरों के लिए दो साल की अतिरिक्त सेवा का अवसर देने का जिक्र किया। राजनाथ सिंह ने कहा, शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को उनकी इच्छा के आधार पर दो साल का एक और कार्यकाल देने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। इससे उन्हें देश की सेवा करने का एक और मौका मिलेगा। रक्षा मंत्री ने दिवाली की पूर्व संध्या पर जवानों के हौसले और त्याग को याद करते हुए कहा, त्योहार पर सभी को अपने घर की याद आती है। इन यादों को आप सभी अपने सीने में समेटकर देशवासियों की सुरक्षा में आप तत्पर हैं। इसे शब्दों में बयान करना आसान नहीं है।

मैं आपकी इस तपस्या का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले अग्निवीरों को नियमित सैनिक के रूप में सेना में शामिल होने का अवसर भी मिलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा, 5मेरा मानना है कि यह हमारे अग्निवीरों के लिए दिवाली का बहुत बड़ा तोहफा है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पदभार संभालने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, आशुतोष भगवान शिव का भी एक नाम है। भगवान शिव स्वभाव से सौम्य, सरल और शांत हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह रौद्र रूप भी धारण कर सकते हैं।

सीएम धामी के आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को मिल रही मजबूती

हल्द्वानी हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

इसी क्रम में नैनीताल जिले की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने हुनर, पारंपरिक कला और उद्यमशीलता के दम पर आत्मनिर्भरता की नई राह बना रही हैं। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से संचालित आजीविका एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम महिलाओं को प्रशिक्षण, उत्पाद निर्माण और विपणन के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

दीपावली के अवसर पर नाबार्ड समर्थित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार पारंपरिक ऐपण कला, हस्तशिल्प, सजावटी सामग्री और स्थानीय झालरों की मांग बढ़ी है। गिरिजा बुटीक से जुड़ी प्रशिक्षित महिलाएं आकर्षक उत्पाद तैयार कर रही हैं। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं न केवल स्थानीय बाजार में अपने उत्पादों की बिक्री कर रही हैं, बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से भी ऑर्डर प्राप्त कर अपने कारोबार का विस्तार कर रही हैं। वहीं, हल्द्वानी के लामाचौड़ स्थित नाबार्ड समर्थित ग्राम दुकान महिलाओं के उत्पादों के विपणन का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रही है। यहां पांच स्वयं सहायता समूहों की लगभग 65 महिलाएं विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हैं। इस पहल से महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए बेहतर मंच मिल रहा है। त्योहारों के दौरान ऐपण एवं सजावटी उत्पादों की बढ़ती मांग उनके लिए अतिरिक्त आय के अवसर भी उपलब्ध करा रही है।

स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के अनुसार प्रशिक्षण, कौशल विकास और बाजार की सुविधा मिलने से उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी मदद मिल रही है। पारंपरिक कला और स्थानीय संसाधनों पर आधारित उत्पाद अब उनके लिए स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरफ्तार, पुलिस ने झांसी पकड़ा

देहरादून हमारे संवाददाता

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू को पुलिस ने झांसी से गिरफ्तार कर लिया है। साहू की दीवाली अब जेल में ही मनेगी। साहू के खिलाफ उत्तर प्रदेश के बरेली और उत्तराखंड में करीब 50 मुकदमे दर्ज हैं। कई बार वह पहले भी जेल जा चुका है।

मंत्री रेखा आर्या ने अपने पति गिरधारी लाल साहू के खिलाफ गत 15 अक्टूबर को कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि साहू पहले से शादीशुदा है। यह बात उसने शादी के वक्त छुपाई थी। इसके बाद से वह मंत्री रेखा आर्या को लगातार प्रताड़ित भी करता आ रहा था। यही नहीं उसने धोखाधड़ी कर मंत्री रेखा आर्या को अपनी कंपनियों से बाहर भी कर दिया था। इसके लिए उसने उनके जाली हस्ताक्षर किए थे। इस प्राथमिकी की विवेचना के लिए एसपी देहात जया बलोनी की अध्यक्षता में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने साहू के कई ठिकानों से भी पूछताछ की। गिरफ्तारी का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो पता चला कि उसके खिलाफ बरेली और अन्य जिलों में करीब 50 मुकदमें चल रहे हैं। साहू की तलाश में कई दिनों तक उसके दर्जनों ठिकानों पर एसआईटी ने दबिश दी लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इस बीच खबरें आई कि वह नेपाल भाग चुका है। इसके बाद पुलिस ने नेपाल की एजेंसियों से भी संपर्क साधे। अब सामने आई जानकारी के मुताबिक पुलिस ने साहू को यूपी के झांसी से गिरफ्तार किया है।

वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, छह बाइक समेत चार गिरफ्तार

हल्द्वानी हमारे संवाददाता



शहर में घरों के बाहर और बाजारों में खड़ी बाइकें चोरों के निशाने पर थीं। वाहन चोरी की इन वारदातों के पीछे सक्रिय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की छह मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं।

खास बात यह है कि गिरोह के तीन सदस्य पहले भी स्कूटी चोरी के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं, लेकिन अब फिर वाहन चोरी के खेल में सामने आए हैं। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने योगेश, करन, दीपक और मैकेनिक बताए जा रहे विजय को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गिरोह घरों के बाहर और बाजार में खड़े दोपहिया वाहनों को निशाना बनाता था। चोरी की बाइकों को ठिकाने लगाने और उनके पार्ट्स अथवा नंबर बदलने में मैकेनिक विजय की भूमिका की जांच की जा रही है।

अब खुलेंगी चोरी की और परतें: चार आरोपियों की गिरफ्तारी और छह मोटरसाइकिलों की बरामदगी के बाद पुलिस अब वाहनों के रिकॉर्ड खंगाल रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद बाइकें किन-किन थाना क्षेत्रों से चोरी हुई थीं। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में हल्द्वानी, मुखानी और काठगोदाम क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

खुलासा

- पिछले महीने स्कूटी चोरी में पकड़े गए तीन आरोपी फिर आए पुलिस के शिकंजे में

पहले भी पकड़े गए, फिर चोरी के खेल में सक्रिय

गिरोह के तीन सदस्य करन पाठक दीपक शर्मा और योगेश कुमार आर्या पिछले महीने भी काठगोदाम पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। उस समय इनके कब्जे से चोरी की दो स्कूटी बरामद हुई थीं। मामले में काठगोदाम थाने में मुकदमा संख्या मुकदमा दर्ज था।

कुमाऊंनी संस्कृतियों का रंग, सुर, संस्कृति आत्मनिर्भर का महासंगम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए भीमताल के बलॉक सभागार में शुक्रवार को आयोजित भव्य युवा महोत्सव में उत्तराखंड की लोक संस्कृति, सुरीले संगीत और न्योली देखने को मिली। यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि उत्तराखंड के दूर दराज के गांवों से आई ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने को आयोजित किया गया था।



इससे पूर्व महोत्सव का शुभारंभ बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट और पालिकाध्यक्ष भीमताल सीमा टमटा, पालिकाध्यक्ष भवाली पंकज आर्य व जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि पहाड़ों की तरक्की का रास्ता लोक कलाओं के संरक्षण और मातृशक्ति की आर्थिक मजबूती से होकर ही गुजरता है। महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर जब उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध गायकों ने सुर छेड़े तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जितेंद्र तोकयाल, पुष्कर मेहर, बबिता देवी ने सुपरहिट गीत में युवा और अतिथि बुजुर्ग सभी दर्शक अपनी जगहों पर खड़े होकर थिरकने और झूमने को मजबूर हो गए। इन लोक कलाकारों ने अपनी सुरीली और सुरमयी प्रस्तुतियों से पहाड़ की माटी की खुशबू को जीवंत कर दिया और देर तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध बांधे रखा। इसके साथ ही छोटे कलाकार प्रिंस कुल्याल ने अपनी सुरीली आवाज में सबका मन मोहा,वहीं दोगड़ा सूर्यगांव ने लोकनृत्य, नैनीताल जीजीआईसी द्वारा लोकगीतए एवं लोकनृत्य का प्रदर्शन किया। आयुषी पलड़िया व कविका पलड़िया ने सामूहिक लोकनृत्य का प्रदर्शन किया।

महोत्सव का सबसे खूबसूरत और प्रेरणादायक हिस्सा स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल रहे। इन महिलाओं ने अपने हाथों की कलाकारी से हर किसी का दिल जीत लिया। उत्तराखंड की लोक चित्रकला ऐपण से सजे उत्पाद और हस्तनिर्मित सुंदर मालाएं सभी को भायीं। महिलाओं द्वारा खुद तैयार की गई आकर्षक डिजाइनर मोमबत्तियां और मिट्टी के ऐपन से सजाए खूबसूरत दीये सबकों भाए वहीं शुद्ध और पौष्टिक विभिन्न घरेलू खाद्य सामग्रियां, पारंपरिक मसाले और स्थानीय व्यंजन को लेकर विधायक सरिता आर्य ने कहा हमारे पहाड़ों की असली ताकत यहां की महिलाएं हैं। इस तरह के महोत्सवों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को न केवल एक बेहतरीन बाजार मिलता है बल्कि महिला समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का एक मजबूत हौसला भी मिलता है।

इस दौरान बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट ने कहा कि इस भव्य महोत्सव को आयोजित करने का हमारा मुख्य उद्देश्य यही है कि ग्रामीण अंचलों में छिपे प्रतिभाओं के हुनर को मंच देना और उनके उत्पादों को सीधे खरीदारों से जोड़कर बाजार दिया जा सके। उन्होंने आयोजन में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन की सफलता के साक्षी बनने के लिए क्षेत्र के कई बड़े जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग पहुंचे। कार्यक्रम में नैनीताल विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, हल्द्वानी ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, दर्जा राज्य मंत्री भावना मेहरा, जिला भेषज सहकारी संघ अध्यक्ष नवीन क्वीरा, ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलड़िया, डिस्ट्रिट कोआपरेटिव निदेशक धर्मेंद्र शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता बिष्ट, शिप्रा जोशी, पंकज जोशी, लक्ष्मण गंगोला, जया बोहरा, सभासद शिप्रा जोशी, राधा कुल्याल, अनिल चनौतिया, नितेश बिष्ट, हितेन्द्र बिष्ट, प्रदीप कुमार, मुकेश पलड़िया, प्रदीप पाठक, ममता दुमका, प्रेमा मेहरा, बबिता मनराल, पूर्व प्रधान हेमा आर्य,नवीन पलड़िया, अखिलेश सेमवाल, जितेन्द्र चनौतिया, पंकज उप्रेती, पंकज सूर्या, मोहित, अंकित आर्य, मुकेश बीडीओ हर्षित गर्ग, जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, बीओ दीपक मेहता सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

पूरे कार्यक्रम क सफल संचालन सभासद रामपाल गंगोला व मोनिक नायल द्वारा किया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं स्टालों से लगभग पचास हजार से ऊपर की बिक्री इस महोत्सव में हुई।



कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने ली बैठक अफसरों को दिए जरुरी निर्देश

धारी

हमारे संवाददाता

जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में जलागम निदेशालय सभागार में जलागम विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

बैठक के दौरान मंत्री कैड़ा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों में तेजी लाई जाए तथा जिन कार्यों की प्रगति धीमी है उनमें विशेष ध्यान देते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनहित से जुड़े विकास कार्यों को धरातल पर उतारना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय,सीमा के भीतर सभी योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।मंत्री कैड़ा ने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए तथा कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि योजनाओं का लाभ आम जनता को समय पर मिल सके।इस दौरान सचिव दलीप जवालकर सहित विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रकार डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को मिला उत्तराखंड गौरव सम्मान

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य स्थापना के राज्योत्सव के अवसर पर शुक्रवार को नैनीताल के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक कुमाऊं विवि के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य गौरव पुरस्कार प्रदान किया।

उन्होंने डॉ. तिवारी को पुरस्कार स्वरुप प्रशस्ति पत्र और एक लाख की राशि प्रदान की। बता दें डॉ. तिवारी को यह पुरस्कार पत्रकारिता, लेखन और अध्यापन में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया।इस अवसर पर उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज समेत गणेश जोशी,डॉ. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, खजान दास,भारत सिंह चौधरी तथा मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा व राम सिंह कैड़ा के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी व डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक,विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, राज्यमंत्री प्रदीप टमटा, सांसद अजय भट्ट, अनिल बलूनी, दिनेश आर्या, त्रिवेंद्र सिंह रावत विधायकों सहित मुख्य सचिव व डीजीपी वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित थे।



NEWS / फटाफट

तेंदुए के आतंक के बाद चार्ता गांव में लगाया पिंजरा

नैनीताल। नैनीताल के समीपवर्ती चार्ता गांव में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल है। आवासीय क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक और खच्चर को उठाकर ले जाने की घटना के बाद ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने गांव के समीप पिंजरा लगा दिया है। बता दें कि बीते दिनों मनोरा रेंज के चार्ता गांव के आवासीय क्षेत्र में तेंदुआ लगातार दिखाई दे रहा था। इससे चिंतित ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त कराने की मांग की थी। इसी बीच तेंदुआ गांव के बीच से एक ग्रामीण के खच्चर को उठाकर ले गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई। लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने शुक्रवार को गांव के समीप पिंजरा स्थापित कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियों को देखते हुए पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है।

हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को 16 को किया कोर्ट में तलब

नैनीताल। हाईकोर्ट ने जमीन खरीद विवाद में कालाढूंगी पुलिस द्वारा बिना जांच के कलोजर रिपोर्ट दाखिल करने पर पुलिस अधिकारियों को कोर्ट में तलब किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ता हरीश चंद्र पनेरू द्वारा दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने पाया कि कालाढूंगी (नैनीताल) पुलिस ने एक मामले में बिना उचित दस्तावेजों की जांच किए, सतही तौर पर कलोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी। अदालत ने इस मामले में कालाढूंगी के थानाध्यक्ष और प्रारंभिक जांच करने वाले जांच अधिकारी को आगामी 16 नवंबर 2026 को प्रारंभिक जांच से जुड़े सभी दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है।

प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



नैनीताल। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 843वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 843वें दिन पलेटा स्थित धुआखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया।पौधारोपण अभियान में मंदिर के प्रमुख पुजारी मोहन चंद्र ओली, उमेश कापड़ी, धीरज पानू तथा दिव्यांशु बिष्ट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में अल्मोड़ा के खिलाड़ियों का दबदबा

अल्मोड़ा। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर जम्मू-कश्मीर में आयोजित नॉर्थ जोन मुए थाई चैंपियनशिप में पदक झटकने वाले जिले के खिलाड़ियों का अल्मोड़ा पहुंचने पर सम्मान हुआ। जिलाधिकारी ने अंशुल सिंह ने एचएनबी स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में पदक विजेताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही खिलाड़ियों को तराश रहे कोच यशपाल भट्ट का भी पुरस्कार देकर सम्मान किया। कोच भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में महत ने वाई वरू और फाइटिंग में दो स्वर्ण पदक, तनुश्री लटवाल ने वाई वरू में स्वर्ण और फाइटिंग में रजत, चांदनी ने फाइटिंग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं हिमानी मेर ने फाइटिंग में रजत और अर्पिता आर्या, वेदांत बिष्ट, वंश बोरा ने फाइटिंग में कांस्य पदक जीते। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डीएसओ महेशी, कोच विक्रम भंडारी, हरीश कनवाल, प्रेम सिंह रावत, हरीश गोस्वामी, संजय सिंह अधिकारी, कैलाश मेहरा सहित खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

जिले के छात्र कृष्णा का आरडीसी के लिए हुआ चयन

अल्मोड़ा। हरिदत्त पेटशाली इंटर कॉलेज चितई के कक्षा नौ के छात्र कृष्णा कुमार का चयन दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) के लिए हुआ है। 77 यूके बटालियन एनसीसी के जूनियर डिविजन से चयनित होने वाले वह इकलौते कैडेट हैं। उनकी सफलता में एएनओ सेकेंड ऑफिसर हीरा टम्टा का मार्गदर्शन रहा। कृष्णा एनसीसी के साथ ही योग कलाओं में भी निपुण हैं। वह पूर्व में राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग कर चुके हैं। प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र महरा उनके योग गुरु हैं। कृष्णा की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक गिरीश पेटशाली, उप प्रबंधक भीम सिंह बगड़वाल, ग्राम प्रधान आशीष कुमार, डॉ. गिरीश अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी हरीश सिंह रौतेला, ललित लटवाल, जीवन भंडारी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

मानहानि का मामला:आरोपी अमित शर्मा की याचिका को हाईकोर्ट ने किया खारिज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने मानहानि के एक मामले में आरोपी अमित शर्मा की याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने 4 नवंबर 2026 को फैसला सुनाया। इसके साथ ही रुड़की की निचली अदालत में चल रही कार्यवाही जारी रहेगी।

बता दें डॉ.समार्थ शर्मा ने रुड़की के एसीजेएम की अदालत में परिवाद दायर किया था। आरोप है कि 20 जुलाई 2023 को करीब 4.30 बजे अमित शर्मा डॉ. अनिल कुमार शर्मा और अजय कौशिक के खिलाफ शिकायत देने थाने पहुंचे थे, वहां मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में उन्होंने कथित तौर पर कहा कि उन्हें यौन उत्पीड़न के कारण सेवा से निकाला गया। परिवादी के अनुसार यह उन्हें समाज में बदनाम करने का प्रयास था।

धारा 200 और 202 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज होने के बाद मजिस्ट्रेट ने 4 दिसंबर 2023 को संज्ञान लेकर अमित शर्मा को आईपीसी की धारा 500 (मानहानि) में विचारण के लिए तलब किया। सत्र न्यायाधीश के वहां दायर पुनरीक्षण याचिका 8 जनवरी 2026 को खारिज हो गई थी। इसके बाद उन्होंने बीएनएसएस की धारा 528 के तहत हाईकोर्ट का रुख किया।याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता मजिस्ट्रेट ने सरसरी तौर पर समन जारी किया और पुनरीक्षण अदालत ने भी आदेश की ठीक से जांच नहीं की। उन्होंने कार्यवाही की विधि की प्रक्रिया का दुरुपयोग बताते हुए रद्द करने की मांग की। राज्य सरकार की ओर से एजीए हिमांशु सैन उपस्थित रहे।कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत और सत्र न्यायालय दोनों को आगे बढ़ने के पर्याप्त आधार मिलेए इसलिए दोनों अदालतों के समवर्ती निष्कर्षों में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। कथन की सच्चाई और दुर्भावना के अभाव जैसे तर्कों की जांच धारा 528 की याचिका में नहीं हो सकती। ये बचाव के आधार हैं जिन्हें अमित शर्मा ट्रायल के दौरान निचली अदालत में उठा सकते हैं। सुनवाई पूरी होने पर आदेश 5 अक्टूबर 2026 को सुरक्षित रखा गया था।

नैनीताल के बोट हाउस कलब प्रबंध समिति के चुनाव: 10 पर्चे वैध

नैनीताल। नैनीताल के प्रतिष्ठित बोट हाउस कलब की चुनावी प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी की गई। बता दें बीते दिनों नामांकन पत्र जमा करने वाले 16 में से 6 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे वापस लिए जबकि शेष 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए,अब 14 नवंबर (शनिवार) को मतदान प्रक्रिया कराई जाएगी। बोट हाउस कलब के प्रशासनिक अधिकारी जोबी जोशी ने बताया कि 9 सदस्यों के चुनाव कराए जाने हैं, शुक्रवार को पंकज जायसवाल, शादाब अहमद फ टिंटी, इंदर पाल सिंह, विजय चंद्र शाह, अनिल कुमार अग्रवाल और बलजीत सिंह ने अपने नाम वापसी के लिए आवेदन किया जिसके चलते उन्हें नाम वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। अब प्रबंध समिति के सदस्यों के चुनाव में अखिल कुमार साह, चौधरी धीर सिंह, डोके शर्मा, जेएस सरना शर्मा, मनीष सहगल अनु, नदीम अहमद खान, जैलेंद्र सिंह चौहान, शोएब अहमद, सुमित जेठी और विक्रम स्याल दावेदारी कर रहे हैं।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

रचनात्मकता का संकट

विशेष रुप से भारत के इंजीनियर और डाक्टरों का दुनिया की महाशक्ति अमेरिका तथा यूरोप के कई देशों में सम्मान किया जाता है। इसके विपरीत भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के शोध के अनुसार भारत में कार्यस्थल पर नकारात्मक व्यवहार से कर्मचारियों की रचनात्मकता खत्म हो रही है। आईटी कंपनियों में कर्मचारियों को अलग-थलग करना, अपमानित या अनुचित व्यवहार करना, डराना जैसे व्यवहार से कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है, जिससे उनमें नये कार्यों के प्रति उदासीनता आती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार कहते हैं कि भारत युवा देश है। भारत में युवाओं की जनसंख्या अधिक है। परिवार, समाज और देश में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया है। विशेष रुप से भारत के इंजीनियर और डाक्टरों का दुनिया की महाशक्ति अमेरिका तथा यूरोप के कई देशों में सम्मान किया जाता है। इसके विपरीत भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के शोध के अनुसार भारत में कार्यस्थल पर नकारात्मक व्यवहार से कर्मचारियों की रचनात्मकता खत्म हो रही है। आईटी कंपनियों में कर्मचारियों को अलग-थलग करना, अपमानित या अनुचित व्यवहार करना, डराना जैसे व्यवहार से कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है, जिससे उनमें नये कार्यों के प्रति उदासीनता आती है। यदि कार्यस्थल पर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण हो, तो नवाचार को बढ़ावा मिलता है। शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि प्रबंधकों और कर्मचारियों के बीच खुला संवाद होना जरूरी है। भारत की आईटी कंपनियों के कर्मचारियों ने वैश्विक महामारी के प्रकोप के दौरान वर्क फ्राम होम के माध्यम से संस्थानों की आर्थिक स्थिति को कायम रखा। वैश्विक मंदी के समय भारत पर असर नहीं हुआ, जबकि विश्व के कई देश प्रभावित हुए। भारत के प्रतिभाशाली युवा ऑनलाइन कारोबार में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। कोरोना महामारी के दौर से गुजरने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौती का सामना करने को भारत के युवा तैयार हैं। एआई से मंदी और बेरोजगारी का संकट आ सकता है। भारत के प्रतिभाशाली युवा एआई को भी अभिशाप की जगह वरदान साबित करने में सक्षम हैं, परन्तु उनको रचनात्मकता और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। कार्यस्थल पर प्रशिक्षण योजना लागू की जाये। कर्मचारियों को प्रशिक्षण की व्यावहारिकता और प्रासंगिकता बताई जाये। प्रबंधकों को चाहिए कि वह कर्मचारियों के साथ ऐसा व्यवहार करें कि वह अपनापन महसूस करें। कर्मचारियों में अधिक से अधिक कार्य के प्रति जागरूकता पैदा करें। दबाव बनाकर काम कराने से कर्मचारी वेतनभोगी बनकर रह जाता है। हताश कर्मचारी को श्रमिक संघ सदस्य बनाकर श्रम न्यायालय में गुहार लगाने के लिए बाध्य करते हैं। इस तरह कर्मचारी की प्रतिभा का सदुपयोग नहीं हो पाता है।

धनतेरस पर हल्द्वानी में 350 करोड़ का कारोबार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



धनतेरस पर शुक्रवार को हल्द्वानी के बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई। सुबह से देर रात तक बाजार खरीदारों से गुलजार रहे। बर्तन, सराफा, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कपड़े और मिठाई की दुकानों तक जमकर खरीदारी हुई।

धनतेरस पर शुक्रवार को हल्द्वानी के बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई। सुबह से देर रात तक बाजार खरीदारों से गुलजार रहे। बर्तन, सराफा, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कपड़े और मिठाई की दुकानों तक जमकर खरीदारी हुई। शुभ मुहूर्त में खरीदारी की परंपरा और सोने-चांदी की कीमतों में आई नरमी ने ग्राहकों को बाजार तक खींचा। कारोबारियों के अनुमान के मुताबिक, धनतेरस के एक ही दिन में शहर में करीब 300 से 350 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। खास बात यह रही कि पारंपरिक खरीदारी के साथ कार, दोपहिया वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान की मांग ने भी बाजार की रौनक बढ़ाई।

सबसे अधिक भीड़ बर्तन, ज्वेलरी और वाहन बाजार में उमड़ी। बर्तन बाजार में सुबह आठ बजे से ही खरीदार पहुंचने लगे थे। दोपहर बाद भीड़ बढ़ी तो बाजार पूरी तरह से पैक हो गए। बर्तन बाजार ही नहीं बल्कि इसके आसपास पटेल चौक, सदर बाजार, मीरा मार्ग, कारखाना बाजार, रेलवे बाजार और मंगल पड़ाव में पैर रखने की जगह नहीं बची। रात तक यही सिलसिला जारी रहा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि हल्द्वानी में करीब 300 से 350 करोड़ जबकि जिले के अन्य हिस्सों में 100 से 150 करोड़ के कारोबार का अनुमान है। इस लिहाज से जिले भर में कुल 450 करोड़ की अनुमानित बिक्री हुई।

शुक्रवार को सुबह छह बजे से ही बर्तन बाजार में दुकानें खुलने लगी थी, अधिकतर दुकानें देर रात तक खुली रहीं। पीतल और तांबे के बर्तनों के साथ स्टील के बर्तनों की भी खूब बिक्री हुई। बर्तन विक्रेता राजीव अग्रवाल के मुताबिक धनतेरस के दिन इस बार शहर में 22 करोड़ से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है जो पिछले साल की तुलना में कहीं अच्छा है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बाजार खरीदारी का असर भी स्थानीय बाजार पर पड़ा है। हाल के दिनों में सोने-चांदी की कीमतों में थोड़ा गिरावट आने के बाद लोगों ने खरीदारी के लिए सराफा बाजार का रुख किया। शुक्रवार को धनतेरस पर बड़ी संख्या में लोगों ने सोने, चांदी, हीरे आदि की ज्वेलरी खरीदी। कारोबारियों के मुताबिक लाइटवेट नेकलेस, चूड़ियां और टॉप्स ट्रेंड में रहे। चांदी में लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, 5-10 ग्राम के सिक्के और पूजा की थाली सबसे ज्यादा बिकी।

खरीदारों की भीड़, देर शाम तक गुलजार रहे बाजार



सितारगंज। धनतेरस पर खरीदारी के लिए बाजार में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बर्तन, सराफा, गिफ्ट आइटम, कपड़े और मिठाइयों की दुकानों पर खूब रौनक दिखी। देर शाम तक बाजार गुलजार रहे।

लोगों ने पीतल, कांसे और तांबे के बर्तनों के साथ आभूषण और कपड़ों की खरीदारी की। मिठाई की दुकानों पर भी दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। भीड़ को संभावना को देखते हुए प्रशासन की ओर से नगर में नो एंट्री लागू की गई थी। इसके चलते भारी वाहनों को बाईपास से होकर गुजरना पड़ा। बावजूद इसके बाजार में कई स्थानों पर जाम लगने से लोग परेशान रहे।

दीपावली पर पुलिस का पहरा सख्त, बाजारों से रेलवे स्टेशन तक चप्पे-चप्पे पर निगरानी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



दीपावली की रौनक के बीच सुरक्षा में सेंध लगाने की फिराक में बैठे असामाजिक तत्वों पर नैनीताल पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। त्योहार पर चोरी, आपराधिक घटनाओं और अराजकता की आशंका को देखते हुए एस एस पी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पूरे जनपद में पुलिस अलर्ट मोड पर है।

बाजारों, प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों और मुख्य मार्गों पर पुलिस की सघन चेकिंग और पैदल गश्त जारी है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर बी डी एस टीमों द्वारा विशेष सुरक्षा जांच की जा रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। देर रात बेवजह घूमने वालों और संदिग्ध गतिविधियों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। एसएसपी ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को नियमित गश्त, अतिरिक्त सतर्कता और कानून व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस का दावा है कि बाजारों और परिवहन केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर आमजन को भयमुक्त माहौल देने की कोशिश की जा रही है, ताकि लोग निर्भीक होकर दीपावली मना सकें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें और स्वयं भी सतर्क रहें।

अलर्ट

- त्योहारी भीड़ में अपराधियों की खैर नहीं! एसएसपी के निर्देश पर सड़कों पर उतरी पुलिस
- संदिग्धों की धरपकड़ के लिए चेकिंग तेज।

फिल्मी दुनिया

रामायण: टीम के हर एक सदस्य को सलाम, करण ने किया रिव्यू



दिवाली से पहले आज फिल्म रामायण ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। फिल्ममेकर करण जौहर ने इसकी तारीफ की है। उन्होंने इस फिल्म को एक शानदार उपलब्धि बताया है। एक्स पर एक लंबी पोस्ट में करण जौहर ने फिल्म की कास्ट और क्रू की सराहना की। उन्होंने खास तौर से रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश को लेकर एक बात लिखी है।

करण जौहर ने रामायण को भारत की सांस्कृतिक पहचान से गहराई से जुड़ी एक कहानी बताया। उन्होंने कहा कि वह इस बात से बहुत प्रभावित हैं कि कैसे फिल्म निर्माताओं ने इस जानी-पहचानी कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा है। उन्होंने लिखा, आपने इसे पढ़ा है, देखा है, सुना है। फिर भी इसके सिनेमाई रूपांतरण को देखकर हैरान हो जाना किसी चमत्कार से कम नहीं! मैं रामायण की टीम के हर एक सदस्य को सलाम करता हूं। उनकी तारीफ करता हूं और उनके प्रति गहरा सम्मान रखता हूं। करण ने खास तौर से रणबीर कपूर की तारीफ की, जो फिल्म में भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने बिना किसी अनावश्यक दिखावे के दर्शकों को यह विश्वास दिलाने में कामयाबी हासिल की है कि वह अच्छाई और मानवता के प्रतीक हैं। इसे रणबीर का अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार बताते हुए, करण ने उनके अभिनय को संयम और गहराई से भरा हुआ बताया।

निर्माता का किया सम्मान

करण ने इस बड़े प्रोजेक्ट को सपोर्ट करने के लिए निर्माता नमित मल्होत्रा की भी तारीफ की। उन्होंने एक जानी-पहचानी कहानी को सादगी और आत्मविश्वास के साथ पेश करने के लिए नितेश तिवारी की सराहना की। उन्होंने लिखा, %सर आपको बेहतरीन कलाकारी और एक साधारण कहानी को इतने सरल लेकिन दमदार तरीके से पेश करने के आत्मविश्वास को बहुत सारा प्यार और सम्मान।

धनतेरस को लेकर नैनीताल के बाजारों में उमड़ी लोगों की भीड़

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में शुक्रवार को धनतेरस के मौके पर बाजारों में सुबह से लेकर शाम तक खूब रौनक देखने को मिली। शहर के सभी प्रमुख बाजार रंग बिरंगी रोशनी और सजावट से सजे थे।

बता दें सुबह से ही स्थानीय लोग धनतेरस की खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे, कोई सोने चांदी के सिक्के खरीद रहा था तो कोई पारंपरिक खिलौनों और घर की जरूरत का सामान खरीदने में जुटा रहा। बर्तनों की दुकानों में खासी भीड़ नजर आयी। इस दौरान बाजारों में अच्छी खासी चहल.पहल देखने को मिली। नैनीताल के सोने चांदी के व्यापारी सुधीर वर्मा ने बताया कि इस बार धनतेरस पर चांदी के सिक्कों के साथ चाबी, मछली, कछुए और कई तरह के चांदी के छोटे आइटम की मांग काफी रही।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों के मुकाबले भीड़ कुछ कम जरूर है लेकिन कारोबार अच्छा चला, सोने की खरीदारी थोड़ी कम है जबकि चांदी का कारोबार ठीक है,वहीं स्थानीय निवासी रीता देवी ने बताया कि वह धनतेरस पर सोने.चांदी के सिक्के और पारंपरिक खिलौने खरीदने बाजार पहुंची ।



News कॉर्नर

धान तौल नहीं होने से नाराज किसानों ने एसएमओ को घेरा

बाजपुर। बन्नाखेड़ा सहित क्षेत्र के विभिन्न क्रय केंद्रों पर धान की तौल नहीं होने से नाराज किसानों ने हंगामा कर एसएमओ का घेराव किया। किसानों ने शनिवार को धान से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी कर जाम लगाने की चेतावनी दी। भाकियू कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा के नेतृत्व में किसान मंडी स्थित एसएमओ कार्यालय पहुंचे और एसएमओ नलनीकांत का घेराव कर धान तौल तत्काल शुरू कराने की मांग की। एसएमओ नलनी कांत ने बताया कि उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। व्यवस्था बनाकर धान तौल कराया जाएगा। वहां सलवंत सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुरबचन सिंह, गुरचरण सिंह, सुरजीत सिंह, सतपाल सिंह, बलवंत सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

नैनीताल का बहुचर्चित हत्याकांड चार दोषियों को आजीवन कारावास

नैनीताल। तल्लीताल थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल 2021 को बेल्डिंग कार्य के पैसों के लेन देन को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में द्वितीय अपर सेशन जज कुलदीप शर्मा की अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। इस बहुचर्चित हत्याकांड में न्यायालय ने पुख्ता साक्ष्यों और चक्षुदर्शी गवाहों के आधार पर चार मुख्य दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। राज्य सरकार की ओर से इस मामले की पैरवी विद्वान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (दाण्डिक) राम सिंह रौतेला ने की थी, जिनके प्रभावी तर्कों के चलते दोषियों को सजा दिलाई जा सका। घटना के विवरण के अनुसार 14 अप्रैल 2021 की दोपहर को शिकायतकर्ता जिशान अंसारी का भाई नवाब अंसारी तल्लीताल के हरिनगर निवासी साहिल उर्फ मौज्जम से अपने वेल्डिंग कार्य के भुगतान के लिए पैसे मांगने गया था जहां उसके साथ मारपीट की गई।

अग्निवीर योजना को रद्द कर सेना में नियमित भर्ती बहाल करे केंद्र सरकार: यशपाल आर्य

नैनीताल

हमारे संवाददाता



सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने अग्निवीर योजना को देश की सुरक्षा, सेना के गौरव और करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात बताते हुए केंद्र की मोदी सरकार से इस योजना को तत्काल रद्द करने तथा सेना में नियमित सैनिक भर्ती व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

आर्य ने कहा कि चार साल पहले मोदी सरकार ने अग्निपथ योजना को देश की सेनाओं पर थोपकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी शुरू से ही इस योजना के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष कर रही है। कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि देश की सेना कोई प्रयोगशाला नहीं है और राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक प्रयोगों की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता।

उन्होंने कहा कि अब जब अग्निवीर योजना के पहले बैच के जवानों के चार वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और 75 प्रतिशत अग्निवीरों को सेवा से बाहर किए जाने का सवाल सामने खड़ा है तो केंद्र सरकार द्वारा दो वर्ष के अतिरिक्त सेवा विस्तार की बात कही जा रही है। 4 नवंबर को सीडीएस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सामने आए इस फैसले ने योजना की खामियों और सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बताया जा रहा है कि छह वर्ष की सेवा के बाद चयन मानदंडों पर खरे उतरने वाले जवानों को स्थायी किया जाएगा और बाकी को सेवा से बाहर कर दिया जाएगा।

ऐसे में सवाल उठता है कि चार साल की सेवा के बाद दी साल का एकसटेंशन क्यों? स्थायी नियुक्ति क्यों नहीं? देश की रक्षा करने वाले जवानों को अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता में क्यों रखा जा रहा है? उन्होंने कहा कि जिस योजना को केंद्र सरकार ने सेना के लिए ऐतिहासिक सुधार बताया था आज उसी योजना में बदलाव की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है,क्या सरकार ने इसे लागू करने से पहले देश की सुरक्षाए सेना के मनोबल और युवाओं के भविष्य का गंभीरता से आकलन किया था।

आर्य ने अग्निवीरों की आत्महत्या के 400 से अधिक मामलों की खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा की शर्तों तथा भेदभाव और भविष्य की अनिश्चितता से जुड़ी चिंताएं बेहद गंभीर हैं। ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उन परिवारों का दर्द है जिन्होंने अपने बच्चों को देश की सेवा के लिए भेजा था। उन्होंने कहा कि अपने सैन्य सेवाकाल में उन्होंने ऐसी परिस्थितियों के बहुत कम मामले देखे थेए लेकिन आज जो स्थिति सामने आ रही हैए वह पूरे देश के लिए चिंताजनक है।

सरकारी जमीन पर बुलडोजर का प्रहार राजपुरा क्षेत्र में ध्वस्त किया अवैध मजार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर लगातार गरज रहा है। शनिवार सुबह राजपुरा स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम परिसर में बनी अवैध मजार को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और नगर निगम की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

सुबह-सुबह प्रशासनिक अमला पोकलैंड और बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचा। इसके बाद अवैध संरचना को जमींदोज कर परिसर को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

नोटिस के बाद भी नहीं हटा कब्जा: प्रशासन के अनुसार, करीब दो सप्ताह पहले संबंधित संरचना को अवैध बताते हुए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद संरचना नहीं हटाई गई, जिसके बाद प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

प्रदेश में 604वीं अवैध मजार हटाने का दावा: प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत यह 604वीं अवैध मजार है, जिसे ध्वस्त किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का अभियान जारी है। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और शांति व्यवस्था बनी रही।

नैनीताल सैनिक स्कूल के पुरातन छात्र मिलन समारोह की तैयारियां हुई तेज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के पुरातन छात्रों की बैठक शुक्रवार को श्री रामसेवक सभा के सभागार में सभा के अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में विद्यालय के प्रबंधक ज्योति प्रकाश द्वारा बताया गया कि 23 नवंबर (सोमवार) को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के पुरातन छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा जिस आयोजन हेतु 12 नवंबर (बीरवार) तक पंजीकरण पूर्व छात्रों को करना जरुरी होगा तथा पूर्व छात्रों की आपसी मिलन व पुरानी यादों को ताजा करने का ये कार्यक्रम है । बैठक में डा. मनोज सिंह बिष्ट जी ने बताया कि इस तरह के आयोजनो से हमारे विद्यालय के पुराने विद्यार्थी एक मंच पर एकत्र होगे वहीं प्रो. महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि इस विद्यालय के पुराने छात्रो ने विद्यालय हित मे अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करनी चाहिए। बैठक में दीपक कुमार भोलू ने विद्यालय की इस पहल का स्वागत किया। बैठक में जगदीश चंद बवाडी, विशन सिंह मेहता, रोहित गर्ग, डा दुर्गा गंगोला, सुमित खन्ना, डा0. देवेन्द्र मिश्रा , राजेन्द्र जोशी,आलोक कुमार, गोविन्द सिंह बोरा,सागर सिंह, शाहनवाज तथा उत्कर्ष बोरा ने अपने विचार व्यक्त किये और परस्पर सहयोग से इसे सफल बनाने को कहा।



लालकुआं में चोरी का खेल बेनकाब, दो सगे भाई गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

घर की सुरक्षा को धता बताकर लाखों के जेवर उड़ाने वाले चोर आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गए। लालकुआं के आजाद नगर में घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने करीब 2.69 लाख रुपये के जेवरात बरामद किए हैं। खास बात यह है कि गिरफ्तार आरोपियों में एक का आपराधिक इतिहास भी लंबा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर चोरी और नकबजनी की घटनाओं के खुलासे के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लालकुआं पुलिस को यह सफलता मिली। आजाद नगर वार्ड नंबर चार निवासी मोहनी देवी पत्नी स्व. रमेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 17 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। मामले में कोतवाली लालकुआं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए एसपी हल्द्वानी हरबंश सिंह के निर्देशन, सीओ लालकुआं विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह राणा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास और संभावित ठिकानों के साथ सीमावर्ती जनपदों के करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सुरागरसी और मुखबिर की सूचना के आधार पर पांच नवंबर को डबीं जंगल, लालकुआं से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल मंडल उर्फ चीमा और विकास मंडल पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी आजाद नगर वार्ड नंबर चार, लालकुआं के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई हैं।

2.69 लाख के जेवर बरामद: पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पीली धातु के मंगलसूत्र, दो पीली धातु के कान के कुंडल और पांच चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 2.69 लाख रुपये आंकी गई है।

एक आरोपी पर सात, दूसरे पर तीन मुकदमे: पुलिस के अनुसार विशाल मंडल उर्फ चीमा के खिलाफ आबकारी अधिनियम, बीएनएस और गुंडा एक्ट के तहत जनपद सहित अन्य जनपदों में कुल सात मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वहीं विकास मंडल के खिलाफ जुआ और आबकारी अधिनियम के तीन मुकदमे दर्ज हैं। उसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

चारा लेने गई 60 वर्षीय वृद्धा सड़क पर बेहोश मिली, अस्पताल में मृत घोषित

काशीपुर। काशीपुर के ग्राम शिवलालपुर डलवू निवासी 60 वर्षीय कैलावती पत्नी नन्हे शुक्रवार दोपहर अपने जानवरों के लिए चारा लेने गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटीं। इस बीच गांव के लोगों ने उन्हें सड़क पर बेहोश पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुत्रवधू नीमा मौके पर पहुंचीं और परिजनों को बुलाया। परिजन वृद्धा को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय के पास मिला भ्रूण, जांच शुरू

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में छीक धनतेरस की सुबह शुक्रवार को मल्लीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के समीप स्वास्थ्य निदेशक (कुमाऊं) कार्यालय के गेट के पास भ्रूण मिलने से क्षेत्र में हलचल मच गई। सूचना मिलने पर जिला अस्पताल की टीम मौके पर पहुंची और भ्रूण को अस्पताल ले गई चिकित्सकीय जांच में उसके मृत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह अस्पताल के पर्यावरण मित्र कार्यालय के गेट के समीप सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें वहां खड़ी टैक्सी कारों के बीच भ्रूण दिखाई दिया। उन्होंने बिना देर किए इसकी सूचना अस्पताल स्टाफ को दी। अस्पताल की टीम ने मौके पर पहुंचकर भ्रूण को अपने कब्जे में लिया और अस्पताल पहुंचाया। जहां भ्रूण की जांच की गई। अस्पताल की पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्बियाल के मुताबिक ने फीमेल भ्रूण करीब सात माह का प्रतीत हो रहा है। जांच के दौरान उसके मृत होने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। दूसरी ओर मामले में सीओ अंजना नेगी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया गया है। कहा कि भ्रूण यहां किन परिस्थितियों में पहुंचा और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है इसकी पड़ताल हो रही है साथ ही क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

राज्य स्थापना सप्ताह कार्यक्रम: उत्तराखंड के वीर शहीदों को किया नमन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के शहीद श्री खेमचंद्र डीबीं राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार मौर्य ने सर्वप्रथम शहीद खेमचंद्र डीबीं की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके साथ उत्तराखंड के वीर शहीदों को नमन किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण के ऐतिहासिक घटनाक्रम का विस्तार से वर्णन करते हुए भौगोलिक तथा आर्थिक स्थिति एवम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी को राज्य स्थापना की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. तरुण कुमार आर्य ने उत्तराखंड राज्य के निर्माण की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही राज्य के विकास में सभी जनप्रतिनिधियों, कार्मिकों तथा विद्यार्थियों एवम नागरिकों के परस्पर सहयोग तथा कर्तव्यनिष्ठा की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम मे डा. जयति दीक्षित, डॉ0 ईप्सिता सिंह, श्रीमती ममता पाण्डे, श्री संतोष भारती, श्रीमती सपना आर्या, श्री भाष्करानंद पंत, श्री अनिलनाथ गोस्वामी, श्रीमती प्रेमा देवी तथा श्री ललित मोहन उपस्थित रहे।